PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | बुधवार, 4 नवंबर, 2026, साल-2, अंक-99, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

बच्चे को पहले 5 साल दुलार, अगले 5 साल डांट-फटकार, और 16 साल के बाद मित्र की तरह व्यवहार करना चाहिए।

-आचार्य चाणक्य

सुप्रीम कोर्ट ने जगतार हवारा की याचिका पर सुनवाई टाली

- बेअंत सिंह हत्याकांड के दोषी हवारा को पंजाब भेजने से चुनाव पर पड़ सकता है असर : आईबी
- सुप्रीम कोर्ट में एजेंसी ने हवारा को बताया हाई रिस्क कैदी, फरवरी में होगी अगली सुनवाई

नयी दिल्ली, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी जगतार सिंह हवारा को दिल्ली की तिहाड़ जेल से पंजाब की किसी जेल में स्थानांतरित करने से आगामी विधानसभा चुनाव प्रभावित हो सकते हैं। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में यह आशंका जताई। एजेंसी ने हवारा को हाई रिस्क श्रेणी का कैदी बताते हुए उसे पंजाब की जेल में स्थानांतरित नहीं करने की सलाह दी।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता एस मुरलीधर से कहा कि एजेंसी की रिपोर्ट बेहद गंभीर है। इस पर मुरलीधर ने कहा कि यदि चुनाव चिंता का विषय हैं तो मामले पर तीन महीने बाद सुनवाई की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को अगले साल फरवरी में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

पंजाब की 117 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव अगले साल की शुरुआत में होने हैं। इससे पहले शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार को हवारा की स्थानांतरण याचिका पर आईबी से रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया था।

हवारा ने अपनी याचिका में कहा है कि उसके खिलाफ दिल्ली में कोई मामला लंबित नहीं है। वह पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले का निवासी है और उसे राज्य की किसी जेल में रखा जाना चाहिए। याचिका के अनुसार, जनवरी 2004 में जेल से फरार होने की घटना को छोड़कर जेल में उसका आचरण अच्छा रहा है। उसकी बेटी भी पंजाब में रहती है। हवारा, परमजीत सिंह भ्यौरा, तारा और हत्या के मामले में दोषी देवी सिंह 22 जनवरी, 2004 को चंडीगढ़ की बुड़ैल जेल से करीब 100 फुट लंबी सुरंग खोदकर फरार हो गए थे। हवारा और भ्यौरा बाद में गिरफ्तार कर लिए गए थे, जबकि तारा को थाईलैंड में पकड़ा गया था। देवी सिंह अब भी फरार है।

हवारा को मार्च 2007 में निचली अदालत ने मृत्युदंड सुनाया था।



जेल से सुरंग बनाकर फरार हुआ था हवारा

हवारा अगस्त 1995 में चंडीगढ़ स्थित सिविल सचिवालय के प्रवेश द्वार पर हुए बम विस्फोट के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। इस विस्फोट में तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह सहित 17 लोगों की मौत हुई थी। दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हवारा पहले जेल से फरार हो चुका है। उसके स्थानांतरण से दोबारा फरार होने की आशंका बढ़ सकती है। उन्होंने गृह मंत्रालय की हाई रिस्क कैदियों के स्थानांतरण संबंधी एडवाइजरी और पंजाब सरकार के हलफनामे का हवाला देते हुए कहा कि हवारा को पंजाब स्थानांतरित करने से राज्य की कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि हवारा को चंडीगढ़ की जेल में सुरंग खोदने के मामले में दोषी ठहराया गया है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का युवाओं को दिवाली का तोहफा

801 को मिलीं सरकारी नौकरियां

- 'न कैश, न सिफारिश', सरकारी नौकरियां पूरी तरह मेरिट के आधार पर दी जा रही हैं, अब तक 71,777 सरकारी नौकरियां दी गईं, फिर भी एक रुपये की रिश्वत की खबर नहीं : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान



चंडीगढ़, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज मोहाली में नवनियुक्त 801 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे, जिससे उन्हें सरकारी नौकरियों के रूप में दिवाली का तोहफा मिला और उनकी सरकार के तहत कुल भर्तियों की संख्या 71,777 हो गई। इस बात पर जोर देते हुए कि प्रत्येक नियुक्ति पूरी तरह बिना किसी 'कैश' या 'सिफारिश' के मेरिट के आधार पर की गई है, उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के समय पैसे, सिफारिशों और रिश्वत के जरिए लाखों रुपये में सरकारी नौकरियां बिकती थीं, जबकि हमारी सरकार ने बिना एक रुपये की रिश्वत के पारदर्शी भर्ती सुनिश्चित की है। विपक्ष को भर्ती में भ्रष्टाचार की एक भी मिसाल दिखाने की चुनौती देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि अगले सप्ताह 600 और युवाओं को सरकारी नौकरियां मिलेंगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ झलकियां साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, आज मोहाली में 801 नवनियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। अब तक हमने 71,777 से अधिक युवाओं को पूरी तरह निःशुल्क और केवल मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के कारण पंजाब आज प्राथमिक शिक्षा में देशभर में नंबर एक पर है। हमारा उद्देश्य हर घर में रोजगार और खुशहाली लाकर पंजाब को फिर से 'रंगला पंजाब' बनाना है। नवनियुक्त युवाओं और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई। पूरी ईमानदारी और समर्पण भावना से पंजाब के लोगों की सेवा करें।

नवनियुक्त 801 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, विपक्ष किसी ठोस मुद्दे के अभाव में मेरे खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है। मैं इन नेताओं को चुनौती देता हूं कि वे मुझ पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप साबित करें या राजनीति छोड़ दें। वे इसलिए निराश हैं क्योंकि वे हमारी सरकार द्वारा किए जा रहे विकास और जनकल्याण के अभूतपूर्व कार्यों को सहन नहीं कर पा रहे।

अकाली दल और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इन पार्टियों ने अपने निजी हितों की राजनीति के जरिए पंजाब को आर्थिक और सामाजिक बदहाली की ओर धकेला है। उन्होंने आगे कहा, इन पार्टियों के नेता अब मुझे बदनाम करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं क्योंकि वे यह स्वीकार नहीं कर पा रहे कि एक आम व्यक्ति, बिना किसी राजनीतिक परिवार या विरासत में मिली ताकत के, पंजाब के आम लोगों के लिए काम कर रहा है। उनके आरोपों का हमारा जवाब हमेशा हमारा काम, हमारी उपलब्धियां और आम परिवारों के चेहरों पर मुस्कान होगा।

एक जगह अनिश्चितकाल तक धरना नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

- बोला-प्रदर्शन एक का नहीं, सबका अधिकार

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कोई भी संगठन प्रदर्शन के लिए किसी सार्वजनिक जगह पर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकता। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों पर भी एक तय समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का मौका मिल सके। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आप हमेशा के लिए किसी जगह पर कब्जा नहीं कर सकते। वहां किसान, पत्रकार, मजदूर और दूसरे प्रदर्शनकारी कहां जाएंगे? सभी को प्रदर्शन करने का अधिकार है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच दिल्ली में अक्टूबर में हुए सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई, लोगों की हिरासत, निगरानी (सर्वेलांस), प्रदर्शन स्थलों और कारोबारियों को हुए नुकसान से जुड़े मामले शामिल हैं। सुनवाई के दौरान दिल्ली के व्यापारिक संगठनों की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा कि प्रदर्शनों के कारण दिल्ली में कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

पुणे मेट्रो को प्रधानमंत्री मोदी की सौगात

8,300 करोड़ की लागत से बनी पिंक लाइन का किया उद्घाटन

- भारत का मेट्रो नेटवर्क पिछले 12 वर्षों में 248 किमी से बढ़कर 1,200 किमी हुआ : प्रधानमंत्री मोदी



पुणे/मुंबई, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में 248 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क परिचालन में था जबकि अब यह बढ़कर 1,200 किलोमीटर हो गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर शहरी बुनियादी ढांचा देश की आर्थिक वृद्धि को तेज करेगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुणे मेट्रो लाइन 3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा, ''जब देश ने 2014 में राजग को सेवा करने का मौका दिया तो हमने शहरों में रहने वाले मध्यम वर्ग के लिए जीवन को आसान बनाने और परिवहन को सुगम बनाने के संकल्प के साथ काम शुरू किया।''

मोदी ने दूसरे चरण के तहत चार नए मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला भी रखी जिसमें कुल लगभग 21,800 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। मोदी ने 23 किलोमीटर लंबी 'पिंक लाइन' का उद्घाटन किया जिसे 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। यह कॉरिडोर हिंजवाडी आईटी हब को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मेट्रो स्टेशन से जोड़ेगा। इससे हजारों आईटी पेशेवरों को रोजाना आवागमन में सुविधा मिलने, यातायात जाम कम होने और निजी वाहनों पर निर्भरता घटने की उम्मीद है। पिंक लाइन का संचालन महिला ऑपरेटरों द्वारा किया जाएगा।

दिल्ली के बाजारों में पटाखों की खुली बिक्री पर जांच का आदेश



नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली के बाजारों में पटाखों की खुली बिक्री की खबर पर चिंता जताई। कोर्ट ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से आदेश के उल्लंघनों की जांच करने को कहा।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने एक रिपोर्ट का हवाला दिया। रिपोर्ट में कोर्ट के बैन के बावजूद अलग-अलग तरह के पटाखे बिकने की बात कही गई। कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में 4 से 6 नवंबर तक सिर्फ प्रमाणित ग्रीन पटाखे बेचने की परमिशन दी थी। साथ ही 7 और 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक फोड़ने की परमिशन दी।

नेपाल में लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टर आपस में टकराए; एक भारतीय नागरिक की मौत



- एक विदेशी नागरिक घायल; माउंट एवरेस्ट बेस कैंप के रास्ते में हुआ हादसा

काठमांडू, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मंगलवार सुबह नेपाल के सोलुखुम्बु जिले में लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए, जिसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और एक विदेशी महिला घायल हो गई। यह हादसा माउंट एवरेस्ट बेस कैंप के रास्ते में पड़ने वाले एक हेलीपैड पर हुआ। नेपाल पुलिस के अनुसार, खुम्बु पासांगल्हामु ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर 4 में स्थित फाकडिंग में सुबह 8:11 बजे 'एयर डायनेस्टी' और 'फिशटेल एयर' के हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान आपस में टकरा गए। यह इलाका काठमांडू से उत्तर-पूर्व में लगभग 150 मील (करीब 240 किमी) दूर स्थित है। जिला पुलिस कार्यालय के मुताबिक, हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस इंस्पेक्टर मौसम तमांग ने बताया कि टक्कर के बाद हेलीकॉप्टरों में आग नहीं लगी। घायल यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, हादसे के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस की एक टीम जानकारी जुटा रही है और मामले की जांच कर रही है।

संगरूर में कांग्रेस की 'इंसाफ रैली' आज

- राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे होंगे शामिल, पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के चुनावी अभियान की शुरुआत

चंडीगढ़, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 4 नवंबर को पंजाब के संगरूर में आयोजित होने वाली 'इंसाफ रैली' में हिस्सा लेंगे। यह जानकारी मंगलवार को राज्य इकाई के अध्यक्ष परगट सिंह ने दी। पंजाब कांग्रेस नेताओं के अनुसार, इस रैली के साथ ही 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के चुनावी अभियान की शुरुआत होगी। परगट सिंह ने बताया कि यह रैली पंजाब के अधिकारों, न्याय और एक बेहतर भविष्य के लिए मजबूत आवाज उठाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य इस समय कई बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा पंजाब की जनता के साथ चट्टान की तरह खड़ी रही है और उनके संवैधानिक तथा लोकतांत्रिक



अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि संगरूर रैली पंजाब के लोगों की चिंताओं और मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर रखने के लिए एक अहम मंच प्रदान करेगी। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने आगे बताया कि इस रैली में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। जालंधर कैंट के विधायक ने कहा कि खड़गे और गांधी के शामिल होने की खबर से पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है, जो इस बड़े आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

चाकू मार-मारकर पत्नी का दिल फाड़ा, 28 वार कर किया कत्ल

ऑस्ट्रेलिया से आया था पति

लुधियाना : पंजाब के लुधियाना से एक बेहद खौफनाक हत्या का मामला सामने आया है। पत्नी के चरित्र पर शक करने वाले एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी कुछ दिन पहले ही ऑस्ट्रेलिया से भारत लौटा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि उसने वारदात को अंजाम देने से पहले पूरी योजना बनाई थी।

हत्या की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महिला के शरीर पर चाकू से कुल 28 वार किए गए। मृतका की पहचान कमलदीप कौर के रूप में हुई, जबकि आरोपी पति का नाम रविंदर सिंह बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, कमलदीप कौर 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से लुधियाना लौटी थी, जबकि उसका पति रविंदर सिंह 29 अक्टूबर को भारत पहुंचा था।

पंजाब में अवैध हथियार और नशीले पदार्थ सप्लाई करने वाला गिरोह पकड़ा

3 गिरोहों के 11 लोग गिरफ्तार

12 पिस्तौल, 2 हैंड ग्रेनेड और हेरोइन बरामद

अमृतसर, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले तीन नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में 11 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 12 अवैध पिस्तौल, 2 हैंड ग्रेनेड, 310.10 ग्राम हेरोइन और 33 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। जानकारी देते हुए डी.जी.पी. गौरव यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि ये संदिग्ध विदेशों में बैठे हैंडलर्स और गैंगस्टरों के संपर्क में थे। ये हैंडलर्स ड्रोन के जरिए खेप भेजकर आपराधिक तत्वों तक अवैध हथियार और नशीले पदार्थ पहुंचाते थे। वे इन हथियारों का इस्तेमाल घरों और दुकानों पर फायरिंग करने के लिए करते थे, ताकि लोगों को डरा-धमकाकर



उनसे जबरन वसूली की जा सके। इस संबंध में अमृतसर के रंजीत एवेन्यू, छहरटा और सुल्तानविंड पुलिस स्टेशनों में तीन स्ट्रक्चर्ड की गई हैं। अन्य साथियों की पहचान करने और अवैध हथियारों व नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले इन नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए आगे की जांच जारी है।

ओमान के पास जहाज पर हमला, भारतीय नाविक की मौत

पश्चिम एशिया संघर्ष में अब तक 23 लोगों की गई जान

चंडीगढ़, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

ओमान के तट के पास 14 भारतीयों को ले जा रहे एक कमर्शियल जहाज पर हुए हमले में एक भारतीय नाविक की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य को बचा लिया गया। इसके साथ ही, पश्चिम एशिया संघर्ष में मारे गए भारतीयों की कुल संख्या 23 हो गई है, जिनमें 15 नाविक शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि सोमवार शाम ओमान के लिमाह के पास भारतीय झंडे वाले जहाज 'एमएसवी अल युसुफी' पर हमला हुआ था। मस्कट में भारतीय दूतावास, ओमान के अधिकारियों के साथ मिलकर 13 बचाए गए क्रू सदस्यों और मृतक नाविक के पार्थिव शरीर को वापस लाने के लिए समन्वय कर रहा है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार बचे हुए लोगों को भारत वापस लाने के लिए काम कर रही है और मृतक नाविक के पार्थिव शरीर को वापस लाने के लिए भी जरूरी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा, 'हम यह सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में हैं कि वहां मौजूद 13 भारतीय नागरिकों को वापस भारत लाया जाए। हम यह भी देख रहे हैं कि मृतक भारतीय नागरिक के पार्थिव शरीर को सबसे अच्छे तरीके से और कब वापस लाया जा सकता है।' जायसवाल ने जहाज पर हमले के बाद 13 भारतीय क्रू सदस्यों को बचाने में त्वरित कार्रवाई करने के लिए ओमान के अधिकारियों को धन्यवाद दिया। प्रवक्ता ने बताया कि इस ताजा मौत के साथ, 28 फरवरी से शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष में मारे गए भारतीयों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है, जिनमें 15 नाविक हैं। इससे पहले आधिकारिक तौर पर मरने वालों की संख्या 22 थी, जिसमें 14 भारतीय नाविक शामिल थे। जयसवाल ने बताया कि इसके अलावा, काला सागर (ब्लैक सी) क्षेत्र में कमर्शियल जहाजों पर हुए हमलों में पांच भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य अभी भी लापता हैं।



भारत धर्मनिरपेक्ष देश: बीएमसी दीया मिर्जा का दिवाली वीडियो दोबारा अपलोड करे: हाईकोर्ट

एक्ट्रेस ने ग्रीन पटाखे जलाने की अपील की थी

मुंबई, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका यानी बीएमसी को एक्ट्रेस दीया मिर्जा का दिवाली वीडियो दोबारा अपलोड करने का आदेश दिया। इस वीडियो में दीया ने लोगों से ग्रीन पटाखे जलाने और सार्वजनिक सड़कों पर पटाखे न फोड़ने की अपील की थी। कोर्ट ने कहा- संविधान नागरिकों से धर्मनिरपेक्ष भावना बनाए रखने की अपेक्षा करता है। पर्यावरण के लिए जागरूकता फैलाने वाले वीडियो पर राजनीतिक विवाद करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

दरअसल, बीएमसी के आधिकारिक एक्स हैंडल और दूसरे सोशल मीडिया अकाउंट पर दीया मिर्जा का वीडियो रविवार को पोस्ट किया गया था और उसी रात इसे हटा दिया गया। भाजपा नेताओं ने एक्ट्रेस के वीडियो पर आपत्ति जताई थी। भाजपा मुंबई अध्यक्ष अमित साटम ने कहा था कि हमें त्योहार मनाने का तरीका किसी से



सीखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने पटाखों के खिलाफ अपील करने वालों को 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का हिस्सा बताया। वीडियो हटाए जाने के बाद दीया ने सोशल मीडिया पर लिखा था- कोई पैसे नहीं लिए हैं। भलाई का जमाना ही नहीं रहा। जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस नीला गोखले की बेंच ने नेताओं की टिप्पणियों पर भी नाराजगी जताई।

सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट

चांदी 4,500 और सोना 1,300 रु. टूटा

नई दिल्ली, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। मंगलवार, 3 नवंबर को घरेलू वायदा बाजार में दोनों कीमती धातुओं के भाव में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सुबह करीब 10 बजे चांदी 4,500 रुपये से अधिक टूटकर 1,79,200 रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं, 24 कैरेट सोने की कीमत में भी 1,300 रुपये से ज्यादा की गिरावट आई और यह 1,38,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में कमजोरी देखने को मिली।

मंगलवार सुबह कारोबार शुरू होने के बाद से ही वायदा बाजार में सोने और चांदी पर बिकवाली का दबाव बना रहा। चांदी की कीमत 4,500 रुपये से अधिक गिरकर 1,79,200 रुपये प्रति किलो रह गई। इसी तरह सोना 1,300 रुपये से ज्यादा सस्ता होकर 1,38,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। हालांकि, ये कीमतें वायदा बाजार की हैं और कारोबार के दौरान इनमें लगातार उतार-चढ़ाव होता रहता है। अलग-अलग शहरों के सर्राफा



बाजारों में सोने-चांदी के भाव अलग हो सकते हैं। इसके अलावा गहने खरीदते समय जीएसटी, स्थानीय टैक्स और मेकिंग चार्ज भी चुकाने पड़ते हैं। इस साल की शुरुआत में सोने और चांदी ने कीमतों के नए रिकॉर्ड बनाए थे। 1 जनवरी को सोना 1,93,096 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। मंगलवार को बताए गए भाव के अनुसार, सोना अपने रिकॉर्ड स्तर से करीब 54,124 रुपये नीचे आ चुका है।

पंजाब में पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले

- धीरेंद्र तिवारी को श्रम विभाग का अतिरिक्त प्रभार
- पंजाब राज्य सहकारी बैंक के नए एमडी बने अमित तलवार

चंडीगढ़, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 5 आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया। मुख्य सचिव केएपी सिन्हा की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक, सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई जिम्मेदारियां संभालने के निर्देश दिए गए। धीरेंद्र कुमार तिवारी (1994 बैच) को श्रम विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। अभी इनके पास आबकारी, सुशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी और संसदीय कार्य विभाग की जिम्मेदारी है। विनय बुबलानी (2008 बैच) पटियाला मंडल के कमिश्नर के साथ अब रूपनगर मंडल के कमिश्नर और राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। दीप्ति उप्पल (2011 बैच) विशेष सचिव, स्थानीय सरकार के साथ पंजाब म्यूनिसिपल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी की संयुक्त प्रबंध निदेशक-कम-सीईओ और पंजाब जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड की सीईओ की जिम्मेदारी के अलावा राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन विभाग की विशेष सचिव भी होंगी। अमित तलवार (2013 बैच) को विशेष सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायत और ड्रग्स व जाति जनगणना के नोडल अधिकारी के साथ पंजाब राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।



ऊना में 1,012 करोड़ के जल शक्ति कार्यों की प्रमुख अभियंता ने की समीक्षा, 600 करोड़ रुपये खर्च, 400 करोड़ के कार्य जारी

ऊना, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

ऊना जिले में जल शक्ति विभाग की करीब 1,012 करोड़ रुपये की 136 विकास योजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें से लगभग 600 करोड़ रुपये खर्च किए

- **तीन दिवसीय दौरे में विभिन्न मंडलों में पहुंचकर परखी प्रगति**



जा चुके हैं, जबकि करीब 400 करोड़ रुपये के कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। पेयजल, सिंचाई, सीवरेज और बाढ़ सुरक्षा से जुड़ी इन योजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए विभाग की प्रदेश प्रमुख अभियंता अंजू शर्मा ने 31 अक्तूबर से 2 नवंबर तक जिले का तीन दिवसीय दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न मंडलों में पहुंचकर योजनाओं का मौके पर निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कार्यों की स्थिति जानी। दौरे के दौरान 31 अक्तूबर को उन्होंने हरोली और कुटलैहड़ क्षेत्र में, 1 नवंबर को अंब तथा 2 नवंबर को गगरेट और अन्य संबंधित क्षेत्रों में विभागीय योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान हरोली स्थित जल शक्ति विश्राम गृह में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य अभियंता (हमीरपुर क्षेत्र) रोहित दुबे, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति वृत्त ऊना नरेश धीमान सहित विभिन्न मंडलों के अधिशाषी अभियंता और सहायक अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

प्रमुख अभियंता अंजू शर्मा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री का विशेष जोर है कि विभाग की पेयजल, सिंचाई और अन्य योजनाएं निर्धारित समय में पूरी हों, ताकि लोगों को इनका लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि विभाग इस प्राथमिकता के अनुरूप लगातार काम कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति पर नियमित नजर रखें। योजनाओं के आगामी चरणों के कार्यों के प्रस्ताव समयबद्ध तरीके से तैयार कर भेजें, ताकि उपलब्ध स्वीकृति और धनराशि के अनुरूप उन्हें प्राथमिकता से आगे बढ़ाया जा सके और निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार पूरा किया जा सके।

अंजू शर्मा ने दौरे के दौरान पुबोवाल और बीटन के तालाबों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण की दृष्टि से ऐसे कार्यों को और बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्षा जल के संरक्षण और उसके जमीन में समावेश से भूजल स्तर को बनाए रखने में मदद मिलती है। अधिकारियों को इस दिशा में भी उपयोगी कार्यों की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

इन कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान ने बताया कि जिले में विभाग की कुल 136 योजनाओं में 52 पेयजल, 61 सिंचाई, 11 सीवरेज, 10 बाढ़ सुरक्षा और दो भवन निर्माण से संबंधित हैं। पेयजल और सिंचाई क्षेत्र की परियोजनाओं की इनमें बड़ी हिस्सेदारी है। इनका उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति का विस्तार करने के साथ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाना है।

उन्होंने बताया कि हरोली क्षेत्र में 74.42 करोड़ रुपये की बीत सिंचाई योजना फेज-2 का लगभग 65 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना से करीब 4,889 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। वहीं, बल्क ड्रग पार्क से संबंधित जल शक्ति विभाग के कार्यों पर करीब 68.50 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जिनका लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। हरोली क्षेत्र में ही 97.05 करोड़ रुपये की एम-कैड योजना का सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है।

कुटलैहड़ क्षेत्र में पेयजल योजनाओं के स्रोत संवर्धन के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। नरेश धीमान ने बताया कि लठियाणी क्षेत्र में गोबिंद सागर जलाशय से पानी उठाकर लठियाणी और धुंदला क्षेत्र की विभिन्न पेयजल योजनाओं को लाभ पहुंचाने के लिए नाबार्ड के तहत करीब 14.93 करोड़ रुपये की लिफ्ट पेयजल योजना पर काम चल रहा है। इसका लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके अतिरिक्त बीत क्षेत्र में छह करोड़ रुपये की पेयजल योजना के तहत 25 लाख लीटर क्षमता का जल भंडारण टैंक बनाया जा रहा है। इस योजना का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है।

अंब नगर के वार्ड नंबर-दो में अमृत योजना के तहत 8.40 करोड़ रुपये की लागत से 24 घंटे पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। चिंतपूर्णी में करीब 14 करोड़ रुपये की लागत से तैयार माता चिंतपूर्णी पेयजल योजना पूरी होकर कमीशन की जा चुकी है। प्रमुख अभियंता ने इसके संचालन और नियमन की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा योजना को सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए। वहीं, 4.47 करोड़ रुपये की माता का बाग पेयजल योजना का कार्य प्रगति पर है।

जिले के अन्य शहरी क्षेत्रों में भी पेयजल और स्वच्छता से जुड़े कार्य चल रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत दौलतपुर चौक, टाहलीवाल, बंगाणा और अंब में करीब 12 करोड़ रुपये के कार्य किए जा रहे हैं। नाबार्ड के तहत लगभग 55 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाएं भी क्रियान्वित की जा रही हैं। गगरेट में 13 करोड़ रुपये की सीवरेज योजना और दौलतपुर नगर में 5.50 करोड़ रुपये की पेयजल आपूर्ति योजना पर काम जारी है। टाहलीवाल के ऐतिहासिक ढांचे के नवीनीकरण के लिए 3.30 करोड़ रुपये की योजना के कार्य आवंटन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके अतिरिक्त टाहलीवाल में 24 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज योजना का काम भी शुरू कर दिया गया है।

प्रशासक ने बापू धाम में सुखना चो के ऊपर बनने वाले 12.25 करोड़ रुपए के हाई-लेवल ब्रिज की आधारशिला रखी

पैग़ाम-ऐ-जगत/चंडीगढ़
3 नवंबर, (हरमिंदर नागपाल)

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने आज चंडीगढ़ के बापू धाम में सुखना चो के ऊपर बनने वाले हाई-लेवल ब्रिज की आधारशिला रखी।



इस पुल के बनने से मनीमाजरा और सेक्टर-26 के बीच सड़क संपर्क बेहतर होगा। इस अवसर पर यू.टी. चंडीगढ़ के मुख्य सचिव श्री हिरियदका राजेश प्रसाद भी उनके साथ मौजूद रहे। इस परियोजना पर लगभग 12.25 करोड़ रुपए खर्च होंगे और निर्माण कार्य शुरू होने के 12 महीने के भीतर इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पुल से लोगों को पूरे साल सुरक्षित और बिना किसी रुकावट के आने-जाने की सुविधा मिलेगी।

नया पुल बनने से ट्रैफिक जाम और बरसात के मौसम में रास्ता बंद होने की समस्या दूर होगी। अभी सुखना चो पर बना पुलिया मार्ग संकरा है और उस पर अधिक वाहन नहीं निकल सकते, जिससे खासकर व्यस्त समय में जाम लग जाता है। बरसात के दौरान जब सुखना झील का जलस्तर बढ़ता है और पानी का स्तर नियंत्रित करने के लिए झील के फ्लड गेट खोले जाते हैं, तो यह रास्ता पानी में डूब जाता है। ऐसे में सुरक्षा के कारण वाहनों की आवाजाही बंद करनी पड़ती है और मनीमाजरा तथा सेक्टर-26 के बीच संपर्क टूट जाता है। नया हाई-लेवल ब्रिज बनने से बरसात के दौरान भी इस रास्ते पर वाहनों की आवाजाही जारी रहेगी।

इस परियोजना के तहत कुल 450 मीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी, जिसमें 57 मीटर लंबा पुल और दोनों तरफ जुड़ने वाली सड़कें शामिल होंगी। पुल पर वाहनों के आने-जाने के लिए दो अलग-अलग सड़कें होंगी, जिनमें से प्रत्येक 9.50 मीटर चौड़ी होगी। इसके अलावा, दोनों तरफ पैदल चलने और साइकिल चलाने के लिए 2.50 मीटर चौड़े अलग ट्रैक बनाए जाएंगे। सुरक्षा के लिए रेलिंग और क्रैश बैरियर भी लगाए जाएंगे। यह पुल मौजूदा चार लेन वाली सड़कों से जुड़ेगा, जिससे वाहनों की आवाजाही सुचारू रहेगी। इस परियोजना से सड़क सुरक्षा बेहतर होगी, ट्रैफिक जाम कम होगा और शहर के महत्वपूर्ण हिस्सों के बीच संपर्क मजबूत होगा। इससे क्षेत्र के निवासियों और रोजाना इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सचिव इंजीनियरिंग सुश्री प्रेरणा पुरी, मुख्य अभियंता, यू.टी. चंडीगढ़, इंजीनियर सी.बी. ओझा तथा चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सामाजिक न्याय से जुड़ी प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला

पैग़ाम-ऐ-जगत
चंडीगढ़, 3 नवंबर (हरमिंदर नागपाल)

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास अठावले ने मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित यूटी गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान, कल्याण और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं पहलों की जानकारी दी।



मीडिया से बातचीत के दौरान श्री अठावले ने मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रमों और पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य सामाजिक समानता को बढ़ावा देना, समावेशी विकास सुनिश्चित करना तथा हाशिए पर रह रहे समुदायों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार सृजन और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं। मेक इन इंडिया और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन पहलों ने उद्यमिता को प्रोत्साहित करने, छोटे व्यवसायों को सहयोग देने और रोजगार के अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भारत की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए श्री अठावले ने कहा कि भारत वर्तमान में विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और देश शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। उन्होंने देश की आर्थिक विकास दर और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विश्वास व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक सशक्तिकरण भी आवश्यक है, ताकि विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच सके। उन्होंने दोहराया कि समावेशी विकास, समान अवसर और जनकल्याणकारी नीतियां एक मजबूत एवं समतामूलक राष्ट्र के निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी पहलों तथा सामाजिक न्याय, जनकल्याण, सशक्तिकरण और समावेशी आर्थिक विकास के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

बार्बेक्यू नेशन में हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के 400 पदों के लिए 5 नवंबर को कैंपस इंटरव्यू

ऊना, 3 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **जिला रोजगार कार्यालय ऊना में सुबह 10:30 बजे से होंगे साक्षात्कार**

बार्बेक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड में हॉस्पिटैलिटी स्टाफ के 400 पदों को भरने के लिए 5 नवंबर को जिला रोजगार कार्यालय ऊना में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से शुरू होंगे।

उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं तथा होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा निर्धारित की गई है। आवेदकों की आयु 18 से 30 वर्ष होनी चाहिए। होटल मैनेजमेंट डिप्लोमा धारकों को 20,000 रुपये तथा अन्य चयनित अभ्यर्थियों को 16,000 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त मुफ्त भोजन, आवास, यात्रा भत्ता, पीएफ और ईएसआई की सुविधाएं भी मिलेंगी।

चयनित अभ्यर्थियों को पंजाब, दिल्ली, गुजरात, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई में तैनाती दी जाएगी। उन्हें दिल्ली में सात दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही 12 महीने का डिप्लोमा भी करवाया जाएगा, जिसे पूरा करने पर मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान या विश्वविद्यालय से प्रमाण पत्र मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र, जन्मतिथि प्रमाण, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, अनुभव प्रमाणपत्र और बायोडाटा की प्रति लेकर निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8810637785 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

अंबाला पुलिस द्वारा 5 नवंबर के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला, 3 नवंबर (आर.सिंह)

5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अंबाला छावनी के गांधी मैदान में होने वाली रैली के मद्देनजर पुलिस ने ट्रैफिक प्रबंधों में बदलाव किया है। पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार मोटर सवारों को 5 नवंबर, 2026 को निर्धारित वैकल्पिक रूटों का उपयोग करना होगा। उस दिन के लिए कुछ रूटों पर आवाजाही सीमित रहेगी और वाहनों के लिए वैकल्पिक रूट निर्धारित किए गए हैं।

अंबाला छावनी के जनता चौक (गोल चक्कर) से गीता गोपाल चौक तक अंबाला-यमुनानगर सड़क बंद रहेगी। इस समय के दौरान ड्राइवरों को इस रूट का उपयोग करने से बचना चाहिए और केवल निर्धारित वैकल्पिक रूटों पर ही यात्रा करनी चाहिए। यह रास्ता इमरजेंसी सेवाओं के लिए खुला रहेगा। अंबाला छावनी से यमुनानगर तक जाने के लिए ड्राइवर अंबाला से शाहबाद से साहा के रास्ते यमुनानगर जा सकेंगे या फिर वे जीटी रोड मोहड़ा अनाज मंडी से नई रिंग रोड के रास्ते बड़े खुड्डा गांव पहुंच कर यमुनानगर जा सकेंगे। तीसरा रूट बलदेव नगर से पंजोखरा साहिब, वहां से शहजादपुर से साहा जा कर यमुनानगर पहुंचा जा सकता है।

यमुनानगर से अंबाला आने के लिए वाहन चालक यमुनानगर से साहा-शाहबाद-अंबाला आ सकते हैं या फिर यमुनानगर-साहा-वड़ा खुड्डा: नई रिंग रोड-मोहड़ा अनाज मंडी के रास्ते अंबाला आ सकते हैं या फिर रूट नंबर-3 यमुनानगर-साहा-शहजादपुर-पंजोखरा-बलदेव नगर होते हुए अंबाला आ सकते हैं। यात्रा के दौरान किसी भी मुश्किल या इमरजेंसी की स्थिति में सहायता के लिए 112 पर कॉल की जा सकती है। प्रोग्राम में शामिल होने वाले सभी ड्राइवरों को अपने वाहन निर्धारित पार्किंग क्षेत्रों में पार्क करने चाहिए।

रोलर जेट्स अकादमी, चंडीगढ़ ने राज्य चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

पैग़ाम-ऐ-जगत/चंडीगढ़
3 नवंबर, (हरमिंदर नागपाल)

चंडीगढ़ रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा 31 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2026 तक आयोजित राज्य चैंपियनशिप में रोलर जेट्स अकादमी, चंडीगढ़ की सब-जूनियर लड़कियों की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।



स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में जपनीत कौर, अश्कजीत कौर, हिराल बख्शी, काशवी शर्मा, काशवी टुटेजा और यशवी सूद शामिल थीं। इस चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में संजय टंडन उपस्थित रहे, साथ ही रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तुलसी राम, CRSA के अध्यक्ष अरुण वालिया और CRSA के महासचिव हरप्रीत सिंह भी मौजूद रहे। खिलाड़ियों ने यह शानदार सफलता अपने कोचों-श्री चेतनप्रीत सिंह, श्री गौरव रहेजा और श्री उन्नतवीर सिंह-के मार्गदर्शन में प्राप्त की है।

अपने इस बेहतरीन प्रदर्शन के बाद, ये खिलाड़ी अब 5 से 15 दिसंबर, 2026 तक बेंगलुरु में होने वाली 64 वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी।

यह जीत रोलर जेट्स अकादमी, चंडीगढ़ के लिए एक गर्व का क्षण है और इसकी युवा खिलाड़ियों की लगन, टीम वर्क और खेलकूद में उत्कृष्टता को दर्शाती है।

'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर अनमोल शर्मा प्रथम, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

ऊना, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर आयोजित जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट-2026 में राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना के छात्र अनमोल शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। छवि शर्मा दूसरे और एसवीएसडी कॉलेज भटोली की छात्रा नंदिनी ठाकुर तीसरे स्थान पर रहीं। तीनों प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से मेरा युवा भारत ऊना के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने तीन मिनट में विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित मुख्य अतिथि तथा एसवीएसडी कॉलेज भटोली के प्राचार्य डॉ. अरविंद शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आवास पंडित ने युवाओं से स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगाने का आह्वान किया।

उन्होंने सोशल मीडिया का सीमित और सकारात्मक उपयोग करने की सलाह दी। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि ऐसे मंच युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करते हैं। निर्णायक मंडल में डॉ. लिली ठाकुर, डॉ. विपुल शर्मा, राजन शर्मा, प्रोफेसर प्रीति शर्मा और यूथ अवार्डी जसवीर ठाकुर शामिल रहे।

जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता शिमला में प्रस्तावित है। वहां से तीन प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा, जो 9 से 12 जनवरी, 2027 तक दिल्ली में आयोजित होगी। राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के विषयों की जानकारी प्रतिभागियों को पहले ही दे दी जाएगी। कार्यक्रम के आयोजन में मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों ने भी सहयोग दिया।

युद्ध नशों के विरुद्ध : ज़िला प्रशासन द्वारा नौजवानों को रोज़गार के अवसरों के लिए माहिलपुर में रोज़गार कैंप

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

- **नौजवानों को रोज़गार मुहैया करवाने के लिए लगातार जारी रहेंगे यत्न : एस.डी.एम.**
- **नशों के खात्मे के लिए नौजवानों की भूमिका महत्वपूर्ण**

ज़िला प्रशासन द्वारा 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के अंतर्गत स्थानीय बी.डी.पी.ओ. कॉलोनी में नौजवानों को रोज़गार मुहैया करवाने के मक़सद से रोज़गार कैंप लगाया गया, जहाँ उन्हें काम के अवसरों के लिए प्लेटफ़ॉर्म मुहैया करवाने के साथ-साथ नशों के ख़िलाफ़ जागरूकता के लिए भी निष्ठापूर्वक यत्न करने का न्योता दिया गया।

ज़िला रोज़गार और कारोबार ब्यूरो द्वारा लगाए गए इस रोज़गार कैंप में गढ़शंकर के एस.डी.एम. संजीव कुमार ने शिरकत करते हुए कहा कि नौजवानों को रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए ऐसे कैंप लगातार लगाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक बेरोज़गार नौजवानों को अपने पैरों पर खड़ा किया जा सके। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जागरूकता के लिए 60 दिनों तक चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों के अंतर्गत गाँवों में खेल, रोज़गार और जागरूकता गतिविधियाँ करवाई जा रही हैं, ताकि नौजवान पीढ़ी को नशों के मारक प्रभावों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि नौजवान इस समाज-कल्याण के कार्य में ठोस भूमिका निभाकर सार्थक नतीजे यक़ीनी बना सकते हैं, जिसके लिए नौजवानों को इस नेक कार्य के लिए आगे आना चाहिए।

काउंसलर सुरिंदर कौर और बलविंदर मरवाहा, डी.एस.डी. श्याम सुंदर और अन्य अधिकारियों ने कॉलोनी वासियों से बातचीत करते हुए नशों के ख़िलाफ़ एकजुट होने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि सबके साझा प्रयासों से इस सामाजिक बुराई को ख़त्म किया जा सकता है।

इस मौके पर मनोहर लाल, विक्रमजीत, डॉ. अंजू, काउंसलर रजनी, सुलेखा रानी और आशा वर्कर आशा रानी भी मौजूद थीं।

गुरु हरकृष्ण साहिब के गुरता गद्दी दिवस पर छावनी से नगर कीर्तन पंजोखरा साहिब पहुंचा

पैग़ाम-ऐ-जगत
अंबाला, 3 नवंबर (आर.सिंह)

आठवें सिख गुरु बाला प्रीतम श्री गुरु हरकृष्ण साहिब जी के गुरता गद्दी दिवस के संबंध में आज अंबाला छावनी की संगत द्वारा विशाल नगर कीर्तन सजाया गया जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्र छाया और पांच प्यारों की अगुवाई में हरगो लाल रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से सुबह साढ़े 8 बजे आरंभ होकर छावनी के कच्चा बाजार, कबाड़ी बाजार, गुरुद्वारा क्षत्रिय सत्संग, पंजाबी गुरुद्वारा, विजय रतन चौक, राय मार्केट से होता हुआ दोपहर को गुरु हरकृष्ण जी की छोह प्राप्त ऐतिहासिक स्थान गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब पहुंच कर संपूर्ण हुआ



जहां संगत ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया। पंजोखरा साहिब से मंगवाई गई पालकी साहिब में सुशोभित श्री गुरु ग्रंथ साहिब पर संगतों द्वारा फूलों की वर्षा की गई। संगत की सेवा के लिए जगह-जगह स्टॉल लगाए गए। इस दौरान श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरबजीत सिंह जौहर, पंजाबी गुरुद्वारा से बी.एस. बिंद्रा और अन्य आयोजक मौजूद रहे।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मेंबर गुरतेज सिंह अंटाल ने कहा कि श्री गुरु हरकृष्ण साहिब जी का जीवन मानवता, सेवा, कुर्बानी और परोपकार के लिए एक महान प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र में ही गुरु साहिब ने मानवता की सेवा का संदेश दिया जो आज भी पूरी दुनिया को प्रेरित करता है। उन्होंने संगत से अपील की कि वे गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं और जरूरतमंदों की सेवा करने और समाज में भाईचारे की सांझ को मजबूत करने के लिए आगे आएं।

अमित शाह के करनाल दौरे पर कल छह प्रमुख मार्ग रहेंगे बंद

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, 3 नवंबर (प्रवीण वालिया)

- **प्रशासन ने जारी की यातायात एडवाइजरी, मेडिकल कॉलेज पहुंचने के लिए भी तय किए वैकल्पिक रास्ते**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर 2026 को करनाल दौरे के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। इस दौरान शहर के छह प्रमुख मार्ग निर्धारित अवधि में पूरी तरह बंद रहेंगे। प्रशासन ने नागरिकों से असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

ये छह मार्ग रहेंगे बंद: एन.डी.आर.आई. चौक, अंबेडकर चौक, महात्मा गांधी चौक, माल रोड, आई.टी.आई. चौक और निर्मल कुटिया चौक।

स्थानीय निवासियों के लिए वैकल्पिक मार्ग : -

एन.डी.आर.आई. परिसर के रिहायशी क्षेत्र के निवासी आवागमन के लिए गेट नंबर 5, 6 और 7 का उपयोग करेंगे। न्यायपुरी, शक्ति कॉलोनी और सुभाष कॉलोनी के निवासी पुराने बस स्टैंड, कमेटी चौक और पुरानी सब्जी मंडी से होते हुए सेक्टर-13/14 जीटी रोड की ओर जा सकेंगे। सेक्टर-6 और सेक्टर-7 के निवासी सेक्टर-13/14 कट, पुरानी सब्जी मंडी, पुराने बस स्टैंड, दयाल सिंह कॉलेज और वी-वर्क अस्पताल के रास्ते आवागमन कर सकेंगे।

मेडिकल कॉलेज पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्ते: आपातकालीन स्थिति में कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचने के लिए अलग-अलग दिशाओं से आने वाले वाहनों के लिए मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

असंध, निसिंग और कैथल की ओर से आने वाले वाहन कमेटी चौक, पुराने बस स्टैंड, दयाल सिंह कॉलेज और वी-वर्क अस्पताल से होते हुए मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार से प्रवेश कर सकेंगे।

इंद्री, कुंजपुरा और कुरुक्षेत्र की ओर से आने वाले वाहन आई.टी.आई. चौक और एन.डी.आर.आई. चौक से होते हुए मेडिकल कॉलेज के पिछले गेट से प्रवेश करेंगे।

मेरठ रोड, ताऊ देवी लाल चौक, सेक्टर-5, नमस्ते चौक और घरौंडा की ओर से आने वाले वाहन सेक्टर-13/14 कट, पुरानी सब्जी मंडी, पुराने बस स्टैंड, दयाल सिंह कॉलेज और वी-वर्क अस्पताल से होते हुए मुख्य द्वार तक पहुंच सकेंगे।

पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने नागरिकों से यातायात एडवाइजरी का पालन करने, बंद मार्गों से बचने और यात्रा की योजना पहले से बनाने की अपील की है। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं और मरीजों की सुविधा के लिए निर्धारित मेडिकल कॉलेज मार्गों का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

1857 के शहीदों को समर्पित स्मारक के उद्घाटन के लिए तैयारियां पूरी

पैग़ाम-ऐ-जगत
अंबाला, 3 नवंबर (आर.सिंह)

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि आजादी की पहली जंग (1857) के शहीदों की याद में बने शहीद स्मारक के उद्घाटन के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 5 नवंबर को केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह इस ऐतिहासिक स्मारक का उद्घाटन करेंगे और अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड में एक बड़े जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि अमित शाह को सुनने के लिए हजारों लोग अंबाला छावनी पहुंचेंगे, केंद्रीय गृह मंत्री के विचार सुनने के लिए लोगों में भारी उत्साह है। विज आज मीडिया से बात कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने अंबाला छावनी के अधिकारियों की एक मीटिंग की अध्यक्षता की और आने वाले 5 नवंबर के समागम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश प्रदान किए। विज ने कहा कि 5 नवंबर न केवल हरियाणा के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति देश की पहली आजादी की लड़ाई थी जो कांग्रेस पार्टी के गठन से 28 साल पहले लड़ी गई थी। दुर्भाग्य से इस ऐतिहासिक संघर्ष और इसमें सर्वोच्च कुर्बानी देने वाले बहुत सारे बहादुर

- 5 नवंबर को अंबाला छावनी में भारी भीड़ देखने को मिलेगी-अनिल विज



योद्धाओं के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं मिला जिसके वे हकदार हैं।

उन्होंने कहा कि अंबाला में शहीदों का स्मारक देश का पहला स्मारक है जो विशेष तौर पर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित है। 22 शानदार गैलरियों के माध्यम से स्मारक ने उस युग के स्वतंत्रता सेनानियों की लड़ाइयों, घटनाओं और संघर्षों को स्पष्ट रूप में दर्शाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। यह स्मारक स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को उजागर करने की कोशिश है जो अब तक व्यापक तौर पर उजागर नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित लोग 5 नवंबर के समागम को सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

विज ने कहा कि 1857 का पहला स्वतंत्रता युद्ध भारतीय इतिहास का बहुत महत्वपूर्ण अध्याय है। इस संघर्ष में देश के बहुत सारे बहादुर सैनिकों ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध लड़ते हुए अपनी जानें कुर्बान कीं। अंबाला में स्थापित यह यादगार न केवल उन बहादुर शहीदों के योगदान और कुर्बानियों का सम्मान करेगी बल्कि आने वाली पीढ़ियों को देश के स्वतंत्रता आंदोलन के सच्चे इतिहास से भी अवगत करवाएगी। जिस तरह यादगार में आधुनिक तकनीक के माध्यम से इतिहास को पेश किया गया है, वह नौजवान पीढ़ी को स्वतंत्रता संघर्ष की घटनाओं को समझने का एक नया अनुभव प्रदान करेगा। यह यादगार देश के इतिहास, इसकी बहादुरी, संघर्ष और कुर्बानी की अनमोल विरासत को सुरक्षित रखने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन जाएगी। ऊर्जा और श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि 5 नवंबर को रैली और शहीद स्मारक का महत्व न केवल अंबाला के लिए बल्कि पूरे हरियाणा राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने राज्य के लोगों से इस ऐतिहासिक रैली में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में अंबाला छावनी के गांधी मैदान में पहुंचने की अपील की।

सिटिजन्स अवेयरनेस ग्रुप ने टेलीकॉम और ब्रॉडकास्टिंग से जुड़ी उपभोक्ता शिकायतों के समाधान पर चौथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

चंडीगढ़, 3 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)



सिटिजन्स अवेयरनेस ग्रुप की ओर से मंगलवार को गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डड्डुमाजरा, सेक्टर-38 वेस्ट, चंडीगढ़ में टेलीकॉम और ब्रॉडकास्टिंग सेवाओं से जुड़ी उपभोक्ता शिकायतों के समाधान पर चौथा उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम (सीएपी) आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख टेलीकॉम सेवा प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सिटिजन्स अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुरिंदर वर्मा ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना और टेलीकॉम व ब्रॉडकास्टिंग सेवाओं से जुड़ी उनकी समस्याओं का समाधान करने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना जरूरी है, ताकि वे अपनी शिकायतें सही जगह पर उठा सकें और उनका समय पर समाधान करवा सकें।

सिटिजन्स अवेयरनेस ग्रुप के जनरल सेक्रेटरी मोहिंदर कटारिया ने बताया कि सीएजी एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 1994 में हुई थी। यह संगठन लगातार उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए काम कर रहा है।

कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन अपराधों के बढ़ते खतरे पर भी जानकारी दी गई। ह्यूमन राइट्स कमीशन में तैनात पुलिस अधीक्षक दीपक सिंह ने साइबर अपराधों के अलग-अलग प्रकारों के बारे में बताया। उन्होंने इन अपराधों से बचने के लिए जरूरी सावधानियां भी साझा कीं। उन्होंने लोगों को सतर्क रहने, डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या घटना की तुरंत पुलिस को सूचना देने की सलाह दी। स्कूल की प्रिंसिपल नीरजा जैन ने सिटिजन्स अवेयरनेस ग्रुप की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों और आम लोगों को जागरूक करने के लिए संगठन के प्रयासों की प्रशंसा की और भविष्य में भी उसकी गतिविधियों में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन सुरिंदर वर्मा ने प्रिंसिपल नीरजा जैन और मुख्य वक्ता एसपी दीपक सिंह को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। इसके अलावा, एनएसएस इंचार्ज मनु बाली, अनुपम और कार्यक्रम में शामिल सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन उपभोक्ता जागरूकता, टेलीकॉम सेवाओं के जिम्मेदारी से इस्तेमाल और साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने के संदेश के साथ हुआ।

आकर्षक ऑफर और भारी छूट के लालच में आकर न करें जल्दबाजी, साइबर ठगों से रहें सावधानः एसपी हांसी विनोद कुमार

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

पुलिस अधीक्षक हांसी विनोद कुमार ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि ऑनलाइन खरीदारी के दौरान मिलने वाले आकर्षक ऑफर, भारी छूट और कम कीमत पर महंगे सामान देने के लालच में आकर किसी भी अनजान लिंक या वेबसाइट पर भरोसा न करें। साइबर अपराधी लोगों को लुभावने ऑफर दिखाकर उनकी मेहनत की कमाई ठगने का प्रयास करते हैं।

एसपी विनोद कुमार ने कहा कि त्योहारों और विशेष अवसरों पर ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर कई तरह के आकर्षक ऑफर दिए जाते हैं। साइबर ठग नामी कंपनियों और शॉपिंग वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट तैयार कर लेते हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर आकर्षक विज्ञापन और लिंक भेजकर लोगों को सस्ते दामों पर सामान उपलब्ध करवाने का लालच दिया जाता है। ग्राहक जब इन लिंक पर जाकर भुगतान कर देते हैं तो कई बार उन्हें सामान नहीं मिलता और उनके साथ ऑनलाइन ठगी हो जाती है।



एसपी हांसी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ऑनलाइन खरीदारी करते समय इन बातों का विशेष ध्यान रखें:

- किसी भी अनजान वेबसाइट या सोशल मीडिया लिंक से खरीदारी करने से बचें।
- बहुत कम कीमत पर महंगा सामान मिलने के ऑफर की पहले जांच करें।
- भुगतान करने से पहले वेबसाइट और विक्रेता की विश्वसनीयता सुनिश्चित करें।
- किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर QR कोड स्कैन न करें।
- अपना OTP, UPI PIN, ATM PIN और बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।
- किसी भी ऑफर की पुष्टि संबंधित कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या ऐप से करें।
- जल्दबाजी में भुगतान न करें और संदिग्ध लिंक को आगे शेयर करने से बचें। एसपी हांसी विनोद कुमार ने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की छोटी सी लापरवाही का फायदा उठाकर उनके बैंक खातों में सेंध लगा सकते हैं। इसलिए किसी भी आकर्षक ऑफर पर विश्वास करने से पहले उसकी पूरी जानकारी अवश्य जांच लें। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी हो जाती है तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करवाएं।

अमित शाह के दौरे पर करनाल में कड़ा सुरक्षा घेरा, 7 एसपी और 16 डीएसपी संभालेंगे कमान

आईजी अश्विन शेन्वी ने कार्यक्रम स्थल और प्रस्तावित रूट का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
3 नवंबर (प्रवीण वालिया)



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर 2026 को प्रस्तावित करनाल दौरे को लेकर जिला पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस महानिरीक्षक, करनाल मंडल, अश्विन शेन्वी ने मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों के साथ प्रस्तावित रूट, कार्यक्रम स्थल तथा आसपास के संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आईजी ने गृह मंत्री के आगमन और प्रस्थान के मार्गों सहित सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी अधिकारी आपसी समन्वय से अपनी जिम्मेदारियां निभाएं।

7 एसपी, 16 डीएसपी और 10 पुलिस कंपनियां होंगी तैनात

गृह मंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा की जिम्मेदारी 7 पुलिस अधीक्षकों, 16 उप पुलिस अधीक्षकों (डीएसपी) और पुलिस जवानों की 10 कंपनियों को सौंपी जाएगी। इसके अलावा जिला पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी भी तैनात रहेंगे। सभी पुलिसकर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार ड्यूटी पर लगाया जाएगा।

आईजी ने अधिकारियों को रूट व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग और सुरक्षा संबंधी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपनी ड्यूटी की स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पहले से आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार, आईपीएस अधिकारी सुरिंदर सिंह, राजेश मोहन, मनप्रीत सिंह सूदन, वाई.वी.आर. शशि शेखर, हर्षित गोयल, मयंक मुडगिल और मुकेश कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। करनाल पुलिस के अनुसार, दौरे के दौरान सुरक्षा, कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

श्री खुरालगढ़ साहिब में 4 से 6 दिसंबर तक मनाया जाएगा श्री गुरु रविदास जी का प्रदेश स्तरीय 650वां प्रकाश पर्व

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित श्री खुरालगढ़ साहिब में 4 से 6 दिसंबर तक भव्य प्रदेश स्तरीय समागम

- **काशी, जम्मू, फरीदकोट और बठिंडा से 3 दिसंबर को पहुंचेंगी चार विशाल शोभा यात्राएं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाई जाएगी टैंट सिटी**



आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियों को लेकर आज पर्यटन विभाग के डायरेक्टर संजीव तिवारी ने श्री खुरालगढ़ साहिब में जिला प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उनके साथ एसएसपी संदीप कुमार मलिक, एडीसी राकेश कुमार मीणा, तप अस्थान श्री खुरालगढ़ साहिब से संत केवल सिंह, चरणछोह सचखंड बेगमपुरा श्री खुरालगढ़ साहिब से संत सुरिंदर सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने समागम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध पूरे करने के निर्देश दिए।

संजीव तिवारी ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर बड़े स्तर पर धार्मिक समागम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस पावन अवसर पर काशी, जम्मू, फरीदकोट और बठिंडा से चार विशेष शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी, जो 3 दिसंबर को श्री खुरालगढ़ साहिब पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष टैंट सिटी स्थापित की जाएगी, ताकि उनके ठहरने और अन्य आवश्यक सुविधाओं के उचित प्रबंध किए जा सकें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्माण एवं बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल सेवाओं, पुलिस व परिवहन विभाग को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था तथा संबंधित विभागों को बिजली, सफाई, पेयजल और अन्य जरूरी प्रबंध समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी गंभीरता से निभाएं। समागम में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा भी की जाए। बैठक में ओएसडी (शहरी मामले) ओएशी मंडल, एसपी नवनीत कौर, एसडीएम गढ़शंकर संजीव कुमार, सहायक कमिश्नर (अंडर ट्रेनिंग) गुरकंवल सिंह, अधिक सहायक कमिश्नर गुरप्रीत कौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया माता साहिब कौर का जन्म दिहाड़ा

पैग़ाम-ऐ-जगत
रतिया, 3 नवंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

- सुखमणी सेवा सोसायटी द्वारा हर वर्ष आयोजित किया जाता है कार्यक्रम



श्री सुखमणी सेवा सोसायटी द्वारा हर वर्ष खालसा पंथ की माता साहिब कौर जी की जन्म दिहाड़ा संगत के सहयोग से मनाया जाता है। वहीं इस बार आज शहर के पुराना बाजार स्थित गुरूद्वारा श्री गुरू ग्रंथ में माता साहिब कौर का जन्म दिहाड़ा बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया गया। इस मौके पर श्री अखंड पाठ साहिब जी के पाठ का भोग डाला गया व इसके पश्चात भाई जसवंत सिंह ने संगत को सिख इतिहास से जोड़कर निहाल किया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए श्री सुखमनी सेवा सोसाइटी की सदस्य जसवीर कौर, अमृत कौर, नसीब कौर, सिमरनजीत कौर, कौर, सुरिंदर कौर, आशावंती, रूपिंदर कौर, गुरप्रीत कौर, हरिंदर संतोष कौर, कोमल कौर, रूप कौर, अर्श कौर, पायल, कुलवंत कौर और जसविंदर कौर ने बताया कि माता साहिब कौर जी के जन्म दिहाड़े के उपलक्ष्य में 1 नवंबर को श्री अखंड पाठ साहिब जी का पाठ रखा गया था जिसका 3 नवंबर को भोग डाला गया इस अवसर पर क्षेत्र की बड़ी संख्या में संगत गुरू साहिब जी की हजूरी में नतमस्तक हुई और इतिहास श्रवण किया। कार्यक्रम मौके गुरू का अटूट लंगर चला। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य इकबाल सिंह खोखर, गुरमेल सिंह सहनाल, प्रबंधक दलजीत सिंह, जगसीर सिंह, बंटी मोंगा, सर्वजीत सिंह, गुरविंद्र सिंह, अंग्रेज सिंह, रूपेश सिंह सहित सेवादार मौजूद रहे।

सवालों से ऊपर कोई पद नहीं, पत्रकारिता का काम व्यवस्था को जवाबदेह बनाना : राजेंद्र सोरखी

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

हांसी प्रेस क्लब की ओर से दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आम आदमी पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत हिसार

- हांसी प्रेस क्लब के दीपावली मिलन समारोह में पहुंचे आप जिलाध्यक्ष, बोले-पत्रकार बिना भय और दबाव के उठाएं जनता की आवाज
- दिवंगत पत्रकार ओपी शर्मा को दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि



निवासी दिवंगत पत्रकार ओपी शर्मा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर राजेंद्र सोरखी ने पत्रकारों एवं उनके परिवारों को दीपावली, धनतेरस, भाई दूज और विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं दीं। हांसी प्रेस क्लब के प्रधान संदीप सैनी ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए राजेंद्र सोरखी ने कहा कि सच्ची पत्रकारिता वही है, जिसमें पत्रकार बिना किसी भय, लोभ और दबाव के अपनी बात रखते हैं। किसी भी नेता या अधिकारी का पद सवालों से ऊपर नहीं है। पत्रकारों का दायित्व है कि वे निष्पक्ष रहकर व्यवस्था से सवाल पूछें और आमजन की आवाज जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पत्रकार हमेशा विपक्ष की भूमिका में होता है और उसे किसी दल या विचारधारा से प्रभावित हुए बिना जनहित के मुद्दे उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब किसी व्यक्ति की बिजली, पानी, सड़क या सीवरेज जैसी समस्याओं का समाधान कहीं नहीं होता, तो वह अपनी आवाज मीडिया के माध्यम से ही प्रशासन तक पहुंचाता है। पत्रकारिता समाज के जरूरतमंद और कमजोर वर्गों को आवाज देने का सशक्त माध्यम है। आज डिजिटल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में पत्रकारिता की गति बढ़ी है। ऐसे में पत्रकारों को आर्थिक और बजट संबंधी मामलों की समझ भी विकसित करनी चाहिए, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का असर स्थानीय बाजार और आम आदमी की जिंदगी पर भी पड़ता है।

सोरखी ने कहा कि देश में शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, सड़कों और बुनियादी व्यवस्था को लेकर पक्ष और विपक्ष दोनों को जवाबदेह होना चाहिए। थोड़ी सी बारिश में शहरों का जलमग्न होना और सीवरेज व्यवस्था का ठप होना व्यवस्था में पारदर्शिता और ईमानदारी की कमी को दर्शाता है। जनता को नेताओं से उनके काम के आधार पर सवाल पूछने और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का विरोध करने की जरूरत है। उन्होंने नवोदित पत्रकार आशी को भी पत्रकारिता की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का मंच संचालन राजीव बंसल ने किया। अजय सैनी और जगदीश सैनी ने मंच से संबोधित करते हुए राजेंद्र सोरखी का स्वागत किया, जबकि मुकेश माही ने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार पंकज नागपाल, ब्रह्म स्वरूप विमल, विनोद गगवानी, प्रदीप दुहन, अनुराग सिंह, केशव धमीजा,दिनकर गावड़ी,संचित मलिक, राज विमल, राहुल राजपूत, प्रतीक कुमार, महाबीर सोनी, श्रुति धमीजा, अश्वनी बतरा, जतिन, साहिल और रामनिवास सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

ई-सेवा पोर्टल पर लंबित आवेदनों के निपटारे में उत्कृष्ट कार्य के लिए सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल को डिप्टी कमिश्नर ने किया सम्मानित

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

- सिविल सर्जन कार्यालय ने पंजाब स्तर पर रैंकिंग 18वें से तीसरे स्थान पर पहुंचाई, 12,600 लंबित आवेदनों का लगभग किया पूर्ण निपटारा

डिप्टी कमिश्नर श्रीमती आशिका जैन (आई.ए.एस.) द्वारा ई-सेवा पोर्टल पर लंबित आवेदनों के निपटारे के लिए चलाई गई विशेष मुहिम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला प्रशासनिक परिसर में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से बेहतरीन कार्यप्रणाली एवं प्रशासनिक सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल को विशेष रूप से सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि सिविल सर्जन कार्यालय होशियारपुर द्वारा ई-सेवा पोर्टल पर लंबित आवेदनों के निपटारे के लिए किए गए सुनियोजित प्रयासों के परिणामस्वरूप पंजाब स्तर पर कार्यालय की रैंकिंग 18वें स्थान से सुधरकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। इस मुहिम के दौरान कार्यालय में लगभग 12,600 लंबित आवेदनों का निपटारा करके इनकी संख्या लगभग शून्य तक पहुंचाई गई तथा लंबित आवेदनों की दर एक प्रतिशत से भी कम रह गई। इस उल्लेखनीय उपलब्धि की मान्यता के रूप में डिप्टी कमिश्नर द्वारा डॉ. मनदीप कमल को प्रशंसा प्रमाण पत्र भेंट किया गया।

डॉ. मनदीप कमल के नेतृत्व में सिविल सर्जन कार्यालय की टीम द्वारा आवेदनों की निरंतर निगरानी, समयबद्ध कार्रवाई एवं आपसी तालमेल के माध्यम से यह लक्ष्य हासिल किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय से अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार तेजिंदर पाल सिंह, सुपरिंटेंडेंट सतपाल तथा मनदीप पाल को भी लंबित आवेदनों के निपटारे में बेहतर कार्यप्रणाली के लिए सम्मानित किया गया। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि आम लोगों को सरकारी सेवाएं समय पर एवं सुचारू रूप से उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत, समर्पण और आपसी तालमेल से ही ऐसे लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ई-सेवा पोर्टल पर लंबित आवेदनों के निपटारे के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष मुहिम चलाई गई थी, जिसके तहत जिले भर में 1 लाख 22 हजार से अधिक लंबित आवेदनों का निपटारा किया गया। इसके परिणामस्वरूप होशियारपुर जिले ने समग्र जिला रैंकिंग में 18वें स्थान से दूसरा स्थान हासिल किया। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए नए डीजी पंजाब पोर्टल पर भी आवेदनों का निपटारा ई-सेवा पोर्टल की तर्ज पर प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि लोगों को सरकारी सेवाएं सरल, सुगम एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाई जा सकें और उन्हें अपने कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत, करनाल पुलिस की सख्त कार्रवाई दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
3 नवंबर, (प्रवीण वालिया)

- कब्जे से कुल 2 किलो 178 ग्राम डोडा पोस्त और 15 ग्राम स्मैक बरामद

जिला पुलिस करनाल द्वारा पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल,आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की टीमों ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीमों द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 2 किलो 178 ग्राम डोडा पोस्त और 15 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।

पहला मामले में-सीआईए-असंध की टीम ने इंचार्ज उप निरीक्षक सलिन्द्र कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू पुत्र महाबीर निवासी गाँव कल्लाहेड़ी को नजदीक डेरागामा रोड़ बाईपास असंध,करनाल से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 178 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। टीम द्वारा मामले मे आरोपी को माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जायेगा दूसरा मामले मे एएनसी - करनाल की टीम ने इंचार्ज उप निरीक्षक राजन सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए सुरेश कुमार उर्फ सेशि पुत्र हरबंस निवासी गाँव नलवीपार कुंजपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 15 ग्राम स्मैक बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना कुंजपुरा में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। दोनों मामलों में आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि इस अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त अन्य साथियों की संलिप्ता बारे पता लगाकर मामले में कारवाई की जाएगी। नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जिला पुलिस करनाल आमजन से अपील करती है कि यदि किसी व्यक्ति को नशा तस्करी अथवा नशीले पदार्थों की बिक्री से संबंधित कोई सूचना मिलती है तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णत गोपनीय रखी जाएगी।

`पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

गुरमत, बाणी-बाणे और सिख विरासत के प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जत्थेदार इंदरपाल सिंह खालसा को मिला 'शिरोमणि शस्त्र विद्या रतन पुरस्कार

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला
3 नवंबर (आर.सिंह)



गुरमत, सिख धर्म, बाणी-बाणे और सिख विरासत और पंथक सेवाओं के प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अंबाला के जत्थेदार इंदरपाल सिंह खालसा को शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 'शिरोमणि शस्त्र विद्या रतन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जत्थेदार खालसा के धार्मिक, सामाजिक और पंथक सेवाओं के प्रति लंबे समय से समर्पण का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि जत्थेदार इंदरपाल सिंह खालसा लंबे समय से गुरमत के प्रचार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को सिख धर्म, गुरबाणी, सिख इतिहास, रहत-मर्यादा और सिख विरासत से जोड़ना है। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण गुरमत गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

वे बच्चों और नौजवानों को पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट गतका और शस्त्र विद्या से जोड़ रहे हैं और उन्हें दस्तारों और दुमाले सजाने के महत्व और सिख पहचान से अवगत करा रहे हैं। बच्चों में गुरबाणी याद, शुद्ध उच्चारण और गुरमत संगीत में दिलचस्पी पैदा करने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।

बच्चों और नौजवानों को सिख इतिहास, गुरुओं की शिक्षाओं, सिख रस्मों और पंथक परंपराओं के बारे में जागरूक कर रहे हैं। गुरु साहिबान के प्रकाश पर्व, मीरी-पीरी दिवस और अन्य पंथक त्योहारों पर धार्मिक कार्यक्रम करवाते हैं और नगर कीर्तनों का आयोजन करते हैं। विशेष बात यह है कि जत्थेदार इंदरपाल सिंह खालसा गतका, दस्तार और दुमाला सजाने और कई अन्य मुकाबले राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर करवा चुके हैं। उनका जीवन उद्देश्य बच्चों और नौजवानों को सलाह देना है: नई पीढ़ी में सेवा, सिमरन, अनुशासन, नम्रता, गुरसिख जीवन और पंथक जिम्मेदारियों की भावना पैदा करना और सिख विरासत की संभाल: पारंपरिक सिख कलाओं, खालसा पहरावा, हथियार और ऐतिहासिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए यत्न करना है।

जत्थेदार खालसा को मिले सम्मान ने अंबाला की संगत और सिख समुदाय में खुशी ला दी है। विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों के नुमाइंदों ने जत्थेदार इंदरपाल सिंह खालसा जी को बधाई दी है और उनके द्वारा की जा रही पंथक सेवाओं की सराहना की है।

खालसा कॉलेज, माहिलपुर में भव्य तरीके से ज़ोनल युवा और विरासत महोत्सव की शुरुआत





पैग़ाम-ऐ-जगत/माहिलपुर
3 नवंबर (दलजीत अजनोहा)

पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के ज़ोन-5 (होशियारपुर) के अंतर्गत आने वाले 30 कॉलेजों के छात्रों के लिए चार दिवसीय 'ज़ोनल युवा और विरासत महोत्सव' की शुरुआत श्री गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज, माहिलपुर में बहुत ही भव्य तरीके से हुई। यह कॉलेज 'सिख एजुकेशनल काउंसिल' द्वारा संचालित है। महोत्सव के पहले दिन, पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर, जय कृष्ण सिंह रौरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले पैनल में संत साधु सिंह कहरपुर (सिख एजुकेशनल काउंसिल के अध्यक्ष), मैनेजर इंदरजीत सिंह भरता, महासचिव प्रो. अपिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। युवा महोत्सव की शुरुआत कॉलेज के संगीत विभाग के छात्रों द्वारा 'देह शिवा वर मोहे एहई' भजन के गायन से हुई। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. परविंदर सिंह ने अतिथियों और विभिन्न कॉलेजों से आए छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के युवा कल्याण विभाग के निदेशक, डॉ. सुखजिंदर ऋषि ने ज़ोनल और इंटर-ज़ोनल युवा महोत्सवों के आयोजन के लिए कॉलेज प्रबंधन को बधाई दी और उन्हें पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि, जय कृष्ण सिंह रौरी ने पंजाब यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में इस युवा महोत्सव की मेज़बानी करने के लिए कॉलेज की प्रबंध समिति और स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने छात्रों को ऐसे युवा महोत्सवों में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और अपने विवेकाधीन कोष से कॉलेज को 10 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की।

डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष, डॉ. अनूप कुमार कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति के महासचिव प्रो. सी.बी. अरोड़ा, डीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विनय कुमार, और गवर्नमेंट कॉलेज, होशियारपुर की प्रिंसिपल डॉ. सविता गुप्ता शामिल थीं। और ग़ज़ल कवि गुरदीप। युवा महोत्सव के पहले दिन, 'समूह शब्द गायन' (धार्मिक भजन गायन) श्रेणी में गवर्नमेंट कॉलेज, होशियारपुर ने पहला स्थान हासिल किया; खालसा कॉलेज, गार्डीवाला दूसरे स्थान पर रहा, और खालसा कॉलेज, गढ़शंकर तीसरे स्थान पर रहा। 'समूह भजन' श्रेणी में, चक अल्लाह बख्श कॉलेज, मुकेरियां ने पहला स्थान, गवर्नमेंट कॉलेज, तलवाड़ा ने दूसरा स्थान, और खालसा कॉलेज, माहिलपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लोक गीत गायन प्रतियोगिता में, गवर्नमेंट कॉलेज, होशियारपुर ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि खालसा कॉलेज, गढ़शंकर दूसरे स्थान पर रहा। इस अवसर पर विभिन्न कॉलेजों के प्रधानाचार्य, स्टाफ और छात्र बड़ी संख्या में मौजूद थे।

बलाचौर हलके की सियासत में बड़ा धमाका

प्रमुख समाज सेवी और लोगों के हमदर्द नेता चौधरी रणवीर चेची ने आजाद चुनाव लड़ने का किया बड़ा ऐलान

पैग़ाम-ऐ-जगत/बलाचौर
3 नवंबर (जतिंदरपाल सिंह कलेर)

- टकसाली आप वर्कर का बागी होना पार्टी के लिए बड़ा झटका, गांव-गांव मिल रहा भरपूर समर्थन



बलाचौर विधानसभा हलके की सियासत में उस समय बड़ा भूचाल आ गया जब प्रमुख समाज सेवी, इलाके के लोगों के हमदर्द और आम आदमी पार्टी के टकसाली वर्कर चौधरी रणवीर चेची ने बलाचौर हलके से आजाद तौर पर चुनाव लड़ने का आधिकारिक ऐलान कर दिया। उनके इस ऐलान से पूरे हलके की सियासत गरमा गई है और सियासी समीकरण पूरी तरह बदलते नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार चौधरी रणवीर चेची पिछले लंबे समय से आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए थे और पार्टी के टकसाली और जुझारू वर्कर के तौर पर जाने जाते थे। पार्टी को हलके में खड़ा करने में उनकी अहम भूमिका रही है। पर पिछले कुछ समय से वे पार्टी की नीतियों, वर्करों की अनदेखी और हलके में हो रहे विकास कार्यों की अनदेखी को लेकर लगातार बागी सुर अख्तियार कर रहे थे। कई बार हाईकमान तक अपनी आवाज पहुंचाने के बावजूद कोई सुनवाई न होने पर आखिर उन्होंने लोगों की अदालत में जाने का फैसला लिया है। चौधरी रणवीर चेची सिर्फ एक सियासी नेता ही नहीं बल्कि इलाके के जाने-पहचाने समाज सेवी भी हैं। किसी गरीब के घर में दुख हो, किसी को अस्पताल में मदद की जरूरत हो, किसी नौजवान को रोजगार संबंधी सहायता चाहिए हो, वे हमेशा अग्रणी होकर खड़े होते हैं। इसी कारण उन्हें इलाके के लोगों के हमदर्द नेता के तौर पर जाना जाता है। उनके आजाद चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद नौजवानों, किसानों, मजदूरों और बुजुर्गों में भारी उत्साह पाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार उन्हें गांव-गांव से लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। कई गांवों की पंचायतों और मोहतबर व्यक्तियों ने खुल कर उनके हक में उतरने का मन बना लिया है। आने वाले दिनों में वे हलके के अलग-अलग गांवों में लोक मिलनियां करके अपना चुनाव प्रचार और तेज करेंगे।

सियासी माहिरों का मानना है कि चौधरी रणवीर चेची के आजाद मैदान में आने से बलाचौर हलके में तिकोना या चौकोना मुकाबला होने की संभावना बन गई है और यह चुनाव इलाके के इतिहास में सबसे दिलचस्प चुनाव साबित होगा।

सेक्टर-4 में निशुल्क नेत्र जांच शिविर, 100 से अधिक लोगों ने करवाई आंखों की जांच

आरडब्ल्यूए और ऋषि आई इंस्टीट्यूट की पहल, डॉक्टरों ने जांच के साथ दी निशुल्क दवाइयां

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
3 नवंबर (प्रवीण वालिया)



सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) सेक्टर-4 करनाल की ओर से ऋषि आई इंस्टीट्यूट के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की आंखों की आवश्यक जांच करने के साथ उन्हें निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाईं।

शिविर में वार्ड नंबर-8 के नगर पार्षद संकल्प भंडारी ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने शिविर में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने आरडब्ल्यूए प्रधान जे.के. शर्मा एवं उनकी पूरी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं की ओर से इस प्रकार के जनहितकारी आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। ऐसे शिविरों से जरूरतमंद लोगों को घर के नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के प्रधान जे.के. शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य केवल सेक्टर की समस्याओं का समाधान करना ही नहीं, बल्कि सामाजिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना भी है। उन्होंने ऋषि आई इंस्टीट्यूट से पहुंची डॉक्टरों की टीम, नगर पार्षद संकल्प भंडारी, अतिथियों और शिविर में पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने के लिए आरडब्ल्यूए की कार्यकारिणी टीम ने विशेष प्रबंध किए। मरीजों के पंजीकरण, बैठने, पेयजल एवं जलपान सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई, ताकि किसी भी व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में कार्यकारिणी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर जयपाल चौहान, राजेंद्र पन्नू, रणधीर सिंह गोयत, कंवर भान गुप्ता, वीरेंद्र शर्मा, अमित शर्मा, अंकित शर्मा, राजेंद्र हुड्डा, रणवीर सिंह, राकेश अरोड़ा, कुलदीप कुमार शर्मा, रवि वत्स, संजीव चौधरी, सुनील गुप्ता, शमशेर सिंह, प्रदीप लाठर, बीरबल कुमार सहित आरडब्ल्यूए के अन्य कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

छेड़छाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, महिलाएं निडर होकर आवाज उठाएं : एसपी

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
3 नवंबर (प्रवीण वालिया)

- करनाल पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध, उत्पीड़न की स्थिति में डायल-112 पर सूचना देने की अपील



महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए करनाल पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस ने महिलाओं से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या असुरक्षा महसूस होने पर बिना डर और संकोच के तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

एसपी ने कहा कि महिलाओं का पीछा करना, अभद्र टिप्पणियां करना, अश्लील हरकतें करना या किसी अन्य तरीके से परेशान करना कानूनन अपराध है। ऐसी घटनाओं को चुपचाप सहन करने के बजाय महिलाओं को उनके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, ताकि आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने बताया कि बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पार्कों, शिक्षण संस्थानों के आसपास और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस द्वारा निगरानी और सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। महिला पुलिस कर्मचारियों की टीमें भी लगातार सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रही हैं, ताकि महिलाएं बिना भय के शिक्षा, नौकरी और दैनिक कार्यों के लिए आवागमन कर सकें।

एसपी ने महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर सतर्क रहने, सुनसान और कम रोशनी वाले रास्तों पर अकेले जाने से बचने तथा यात्रा के दौरान परिवार के सदस्यों को अपनी लोकेशन की जानकारी देने की सलाह दी। उन्होंने अनजान व्यक्तियों पर जल्द विश्वास न करने और निजी जानकारी साझा करने से बचने को भी कहा। यदि कोई पीछा करे या परेशान करे तो तुरंत सुरक्षित और भीड़भाड़ वाले स्थान पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दें। सोशल मीडिया पर फोटो, निजी जानकारी और वर्तमान लोकेशन साझा करते समय भी सावधानी बरतें। करन गोयल ने कहा कि महिला सुरक्षा केवल पुलिस विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक स्थान पर किसी महिला के साथ छेड़छाड़ या अभद्र व्यवहार होते देखने पर लोग मूकदर्शक न बनें, बल्कि सुरक्षित तरीके से पुलिस को सूचित करें। उन्होंने महिलाओं को आश्वस्त किया कि करनाल पुलिस उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए सदैव तत्पर है। किसी भी परेशानी या आपात स्थिति में महिलाएं निडर होकर डायल-112 के माध्यम से पुलिस सहायता प्राप्त करें। समय पर मिली सूचना से त्वरित कार्रवाई और संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिलती है।

रतिया में बास्केटबॉल ग्राउंड की दयनीय हालत पर खिलाड़ियों ने जताई चिंता, नए खेल मैदान की मांग उठाई

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया, 3 नवंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)



- खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन और हरियाणा सरकार से लगाई गुहार, कहा—खेल सुविधाएं बढ़ाकर युवाओं को नशे से दूर रखा जाए

रतिया में बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने राजकीय सीनियर सेकेंडरी (लड़के) स्कूल में बने बास्केटबॉल ग्राउंड की दयनीय हालत पर चिंता जताते हुए जिला प्रशासन और हरियाणा सरकार से रतिया में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बास्केटबॉल ग्राउंड बनाने की मांग की है।

बास्केटबॉल खिलाड़ी शर्मा चंद लाली ने बताया कि प्रतिदिन सुबह लगभग दो दर्जन लड़के-लड़कियां बास्केटबॉल खेलने के लिए स्कूल परिसर में पहुंचते हैं, लेकिन यहां उपलब्ध ग्राउंड की हालत और सीमित सुविधाओं के कारण खिलाड़ियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खेल के प्रति युवाओं में बढ़ते रुझान को देखते हुए बेहतर खेल मैदान और आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाना बेहद जरूरी है।

शर्मा चंद लाली ने कहा कि खेल एक ऐसा सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए युवाओं को नशे से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है। यदि बच्चों और युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं, उचित प्रशिक्षण और अभ्यास के लिए अच्छे मैदान उपलब्ध करवाए जाएं, तो अधिक से अधिक लड़के-लड़कियां खेलों से जुड़ेंगे और अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे।

उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से बचाने के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सरकार और प्रशासन को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में खेल मैदान विकसित करने, पुराने मैदानों की हालत सुधारने तथा खिलाड़ियों को बास्केटबॉल सहित अन्य खेलों के जरूरी उपकरण उपलब्ध करवाने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन और हरियाणा सरकार से मांग की कि रतिया में खिलाड़ियों के लिए एक बेहतर बास्केटबॉल ग्राउंड का निर्माण करवाया जाए, ताकि यहां के प्रतिभाशाली खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर सकें और भविष्य में जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर रतिया का नाम रोशन कर सकें।

इस अवसर पर शर्मा चंद लाली, रासविंदर सिंह, गौरव शर्मा, राकेश अग्रवाल, विक्की सिंह, मनमोहा सिंह, सुरेंद्र पाल, अजय सिंह, काला राम, जसप्रीत कौर, अंजू रानी, सुमन रानी, अमन कुमार, टीटू, डॉ. विनोद कुमार , हर्ष कुमार, सचिन कुमार, रामभगत सहित अन्य खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

नाइपर कर्मचारियों के अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष करेगा बीएमएस : संगठन मंत्री

मांगें पूरी न होने पर उच्च न्यायालय और केंद्र सरकार के समक्ष मामला उठाने की चेतावनी

पैग़ाम-ऐ-जगत/मोहाली
3 नवंबर (गुरजीत बिल्ला)



भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस), पंजाब एवं चंडीगढ़ के संगठन मंत्री निरंजन कुमार ने नाइपर मोहाली का दौरा कर संस्थान के प्रबंधन से मुलाकात की और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की लंबित समस्याओं तथा उनके साथ कथित अन्याय का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ देश में कहीं भी कर्मचारियों और मजदूरों के साथ होने वाले अन्याय, शोषण और भेदभाव के विरुद्ध उनके अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ा है। नाइपर स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन (एनएसडब्ल्यूए) के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने हाल ही में उन्हें कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने अपना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर संस्थान का दौरा किया।

बैठक में निरंजन कुमार ने प्रबंधन से कर्मचारियों की समस्याओं का संस्थान स्तर पर शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि समाधान न होने पर संगठन उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने और केंद्र सरकार के समक्ष मामला उठाने से पीछे नहीं हटेगा। प्रबंधन ने निर्णय लेने के अपने सीमित अधिकारों और केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई करने की बात कही। इस पर उन्होंने संबंधित केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात का समय लेकर कर्मचारियों की जायज मांगें रखने की बात कही। उन्होंने कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव लोकतांत्रिक और कानूनी प्रयास करने का भरोसा दिया। उल्लेखनीय है कि एनएसडब्ल्यूए के प्रतिनिधिमंडल ने पिछले महीने केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात कर पर्सनल प्रमोशन स्कीम (पीपीएस) बहाल करने संबंधी ज्ञापन सौंपा था।

नाइपर मोहाली के गैर-शिक्षण कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन 64वें दिन में पहुंच गया है। 5 कर्मचारी 5 अक्टूबर से भूख हड़ताल पर हैं, जबकि अन्य कर्मचारी असहयोग आंदोलन में शामिल हैं। कर्मचारियों की मुख्य मांग नाइपर एक्ट-1998 के तहत बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) द्वारा मंजूर पीपीएस को बहाल करना है। कर्मचारियों के अनुसार, इस योजना को 2020 से बिना किसी आधिकारिक आदेश के रोक रखा गया है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह के करनाल आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों की ली बैठक, प्रबंधों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
3 नवंबर, (प्रवीण वालिया)



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर करनाल आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और प्रबंधों की समीक्षा की तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा मंत्रिमंडल के अन्य मंत्रीगण मौजूद रहेंगे। इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रशासन की ओर से सभी वीआईपीज़ के प्रोटोकॉल की अनुपालना के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को लाइजन ऑफिसर नियुक्त करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा मेडिकल टीम व एम्बुलेंस, बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर को करनाल आगमन एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मध्यनजर रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम स्थान तथा उसके आसपास 500 मीटर के क्षेत्र को 4 नवंबर से 5 नवंबर 2026 तक अस्थायी रेड जोन घोषित किया है। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन सहित किसी भी प्रकार के मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) को उड़ाने की अनुमति नहीं होगी। दौरे वाले प्रत्येक स्थान के एक किलोमीटर के दायरे में 4 नवंबर से 5 नवंबर 2026 तक ड्रोन आदि उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा।

बैठक में एसपी करन गोयल ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर पुलिस विभाग द्वारा कानून व्यवस्था व सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। पार्किंग की व्यवस्था के साथ-साथ शहर में ट्रैफिक को भी दुरूस्त रखने का भी प्रबंध किया गया है ताकि आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक हर पॉइंट पर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया, सभी एसडीएम, सीटीएम सुरेश कुमार व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर को करनाल आगमन को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से आज यहां वीआईपी सुरक्षा के कमांडेंट ने अपनी टीम व स्थानीय प्रशासन के साथ हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सभी पॉइंटों पर निरीक्षण किया और आवश्यक प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की।

इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमेन वेदपाल एडवोकेट, भाजपा प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा, जिला प्रभारी जवाहर यादव, जिला प्रधान प्रवीन लाठर मौजूद रहे।

पानी की मोटर व तांबे की तार चोरी करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

करनाल, 03 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत/प्रवीण वालिया)

- आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा पानी की मोटर बरामद

जिला पुलिस करनाल द्वारा पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना रामनगर की टीम ने पानी की मोटर व तांबे की तार चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा पानी की मोटर भी बरामद की है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि दिनांक 28 अक्तूबर 2026 की रात को थाना रामनगर क्षेत्र में एक निर्माणाधीन कार्यस्थल से पानी की मोटर व तांबे की तार चोरी हो गई थी। शिकायत के आधार पर थाना रामनगर में चोरी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

मामले की जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक टेक चंद की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने शिव कॉलोनी, करनाल से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक पुत्र जगदीश निवासी शिव कॉलोनी, करनाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा पानी की मोटर बरामद कर ली है। आज आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।